दिन– गुरुवार 	दिनांक– 01 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। 	अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मुंबई में पहले विश्व श्रव्य –दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन, वेव्स दो हजार पच्चीस का उद्‌घाटन करेंगे।

02. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आगामी जनगणना में जाति गणना को शामिल करने की स्वीकृति दी। विभिन्न राजनीति दलों ने इस निर्णय का स्वागत किया।

03. पटना सहित प्रदेश के कई स्थानों पर आज सुबह से हो रही है तेज हवा के साथ बारिश और ओलावृष्टि। मौसम विभाग ने उत्तर और दक्षिण बिहार के कई जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

04. और, अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर आज राज्य में विभिन्न संगठनों की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

————————————————————————

भारत आज मुंबई में पहले विश्व श्रव्य –दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन, वेव्स दो हजार पच्चसी की मेजबानी करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस चार दिवसीय सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगे। यह समारोह ऑडियो विजुअल और मनोरंजन उद्योग के भविष्य पर चर्चा के लिए वैश्विक मंच उपलब्ध कराएगा। सम्मेलन की थीम है कनेक्टिंग क्रियेटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज। सम्मेलन में फिल्मों, ओटीटी, गेमिंग, कॉमिक्स, डिजिटल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, प्रसारण और उभरती तकनीक को साथ लाकर इस क्षेत्र में भारत की क्षमता का प्रदर्शन करना। प्रधानमंत्री मोदी क्रिएटोस्फीयर का भी दौरा करेंगे और इंडिया चैलेंजेस से चुने गए क्रिएटर्स से बातचीत करेंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता दीपेन्द्र से–

–––बाईट–––

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने आगामी जनगणना में जाति गणना को शामिल करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की राजनीतिक कार्य समिति ने यह फैसला किया। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में कहा कि जनगणना केंद्र का विषय है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी सरकारों ने सदैव जाति जनगणना का विरोध किया है।

–––बाईट–––

कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दलों ने जाति जनगणना के विषय को केवल अपने राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग किया। कई राज्यों ने सर्वे के माध्यम से जातियों की जनगणना की है। जहां, कुछ राज्यों ने यह काम सुचारू

रूप से सम्पन्न किया है। वहीं, कुछ अन्य राज्यों ने राजनीतिक दृष्टि से और गैर–पारदीर्शी ढंग से सर्वे किया है। इन सभी स्थितियों को ध्यान में रखते हुए कि हमारा सामाजिक ताना–बाना राजनीति के दबाव में न आए, जातियों की गणना एक सर्वे के स्थान पर मूल जनगणना में ही सम्मिलित होनी चाहिए।

———————————————————————

श्री वैष्णव ने कहा कि इससे समाज का सामाजिक और आर्थिक ढांचा मजबूत होगा और राष्ट्र निरंतर प्रगति करेगा। उन्होंने कहा कि इससे यह पता चलता है कि नरेंद्र मोदी सरकार समाज और देश के मूल्यों तथा हितों के लिए प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि जाति जनगणना देश में इससे पहले उन्नीस सौ इकतीस में हुई थी। आजाद भारत में यह पहली जातीय गणना होगी। इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुये केन्द्र सरकार का यह फैसला बहुत ही अहम माना जा रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्र के आगामी जनगणना में जाति गणना को शामिल करने के निर्णय को सामाजिक समानता और हर वर्ग के अधिकारों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता का संदेश बताया है।

भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ी जातियों को मुख्यधारा में लाने और लंबे समय से अपने अधिकारों से वंचित लोगों को सम्मान दिलाने की दृष्टि से यह निर्णय बहुत महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जाति जनगणना कराने के केंद्र के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद किया। सोशल मीडिया हैंडल पर अपने पोस्ट में इस निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये श्री कुमार ने कहा कि जाति जनगणना कराने से विभिन्न वर्गों के लोगों की संख्या का पता चलेगा जिससे उनके उत्थान और विकास के लिए योजनाएँ बनाने में सहूलियत होगी। इधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने नई दिल्ली में कहा कि उनकी पार्टी जाति गणना का पूरा समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि इसके लिए समय सीमा निर्धारित किया जाना चाहिए।

———बाईट———

हम इसको पूरी तरह से सपोर्ट करते हैं, मगर हम टाइम लाइन चाहते हैं, हम जानना चाहते हैं कि यह कब तक होगा। ये एक पहला कदम है, तेलंगाना एक मॉडल बना है कास्ट सेंसिस के लिए और वो ब्लूप्रिंट बन सकती है। और कास्ट सेंसिस को डिजाइन करने में हमारा पूरा सरकार को ऑफर है, पूरा समर्थन है कि हम डिजाइन करेंगे, क्योंकि डिजाइन बहुत जरूरी है।

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने कहा है कि जाति जनगणना का निर्णय उन लोगों को करारा जवाब है जो राष्ट्रीय जनता दल को जातिवादी कहते थे। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद ने कहा कि जाति जनगणना को राष्ट्रीय जनगणना का हिस्सा बनाने की घोषणा समाजवादियों की जीत है।

———बाईट———

———————————————————————

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी विमान कंपनियों के लिए अपना वायु क्षेत्र प्रतिबंधित कर दिया है। यह फैसला तेईस मई तक प्रभावी रहेगा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि सैन्य विमान सहित पाकिस्तान में पंजीकृत, वहां से संचालित या लीज पर परिचालित विमानों के लिए भारतीय हवाई क्षेत्र उपलब्ध नहीं होगा। इस बारे में नोटिस जारी कर दिया गया है।

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज सुबह से ही पटना सहित आस–पास के क्षेत्रों में गरज के साथ बारिश और ओलावृष्टि हो रही है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, बक्सर, भोजपुर, रोहतास और भभुआ समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और कुछ स्थानों पर वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

———बाईट———

इधर, बेमौसम बारिश के कारण गेहूँ की फसलों को नुकसान हुआ है। आम और लीची के फसलों को भी काफी नुकसान की खबर है।

———————————————————————

सहकारिता विभाग ने रबी सीजन दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए किसानों को फसल सहायता आवेदन में सुधार के लिए सात मई तक मौका दिया है। बिहार राज्य फसल सहायता योजना के तहत किसान फसल और भूमि रकवा में परिवर्तन करना चाहते हैं तो विभाग के वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

———————————————————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स दो हजार पच्चीस के शुभारंभ को लेकर तैयारियां जोर सोर से चल रही है। मुख्य उद्‌घाटन समारोह पटना के कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में होगा। पेश है एक रिपोर्ट–

———बाईट———

इधर खेलो इंडिया की मशाल गौरव यात्रा राज्य भर के अलग–अलग जिलों का सफर तय करते हुए पटना पहुंच गई है। कल इस गौरव मशाल यात्रा की समाप्ति होगी। आज और कल पटना जिले के अलग–अलग हिस्सों में खेलो के शुभंकर गजसिंह के नेतृत्व में यात्रा निकाली जाएगी।

———————————————————————

आज विश्व श्रमिक दिवस है। श्रमिक आंदोलनों और विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्था में कामगारों के योगदान को रेखांकित करने के लिए प्रत्येक वर्ष पहली मई को श्रमिक दिवस मनाया जाता है। इसे मई दिवस के रूप में भी जाना जाता है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के मौके पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने श्रमिक भाइयों और बहनों को शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर राज्य में विभिन्न संगठनों की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें है। अररिया के कॉलेज स्टेडियम में आज जिला पत्रकार संघ की ओर से एक शाम पत्रकारों के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

———————————————————

प्रतियोगिता परीक्षाओं में पेपर लीक कराने के आरोपी संजीव मुखिया की अवैध सम्पत्ति को जब्त किया जायेगा। आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने इस प्रस्ताव को प्रवर्तन निदेशालय, ईडी को भेजने का निर्णय लिया है। जांच के दौरान आरोपी संजीव मुखिया के एक करोड़ पचहत्तर लाख रूपये की अवैध सम्पत्ति की जानकारी मिली है। इस बीच, संजीव मुखिया के दो दिन की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद इओयू ने उसे वापस बेऊर जेल भेज दिया है। आज उसकी सीबीआई कोर्ट में पेशी होनी है।

———————————————————

अररिया जिले के फारबिसगंज कस्टम विभाग की टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान एनएच सत्तावन के हरियाबाड़ा टोल प्लाजा पर दो ट्रक से लगभग दो करोड़ पचहत्तर लाख रुपए मूल्य की विदेशी सुपारी जब्त की है। मौके से दो ट्रक चालकों को भी गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————

रेलवे ने दानापुर–सुपौल के बीच आज से विशेष ट्रेन के परिचालन का निर्णय लिया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि यह स्पेशल ट्रेन आज से ही सहरसा से बारह बजकर पांच मिनट पर खुलेगी। वहीं, यह ट्रेन दानापुर से दोपहर ढाई बजे रवाना होगी।

———————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटर और मैट्रिक की विशेष तथा कम्पार्टमेंटल परीक्षा कल से शुरू होगी। इंटर विशेष परीक्षा में छह हजार छह सौ अट्ठाईस परीक्षार्थी और कम्पार्टमेंट परीक्षा में पैंतालीस हजार सात सौ बासठ परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रदेश के एक सौ दस परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। परीक्षा तेरह मई तक होगी। वहीं, मैट्रिक की विशेष परीक्षा में सात हजार छह सौ इक्कीस और कम्पार्टमंटल परीक्षा में चौवन हजार छह सौ बावन परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा का

आयोजन दो से सात मई के बीच होगा। किसी भी समस्या के समाधान के लिए हेल्प लाईन नम्बर– शून्य छह एक दो– दो दो तीन दो दो दो सात पर सम्पर्क किया जा सकता है।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने केन्द्र सरकार के जाति जनगणना की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– देश में जातीय जनगणना होगी। अखबार लिखता है– राजनीतिक मामलों की समिति ने फैसला लिया, जल्द शुरू होगी कवायद। दैनिक भास्कर लिखता है– आजाद भारत के इतिहास में पहली बार जाति जनगणना। अब घर–घर जाकर जाति पूछेगी सरकार। दैनिक जागरण का शीर्षक है– अब मध्याह् भोजन में बच्चों की फर्जी उपस्थिति पर कसेगी नकेल। प्रधानाध्यापकों को अब हर दिन देना होगा प्रमाण पत्र। प्रभात खबर की विशेष रिपोर्ट है–बक्सर की बेटी कमला फिर बनी त्रिनिदाद की पीएम।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मुंबई में पहले विश्व श्रव्य –दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन, वेव्स दो हजार पच्चीस का उद्‌घाटन करेंगे।

02. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आगामी जनगणना में जाति गणना को शामिल करने की स्वीकृति दी। विभिन्न राजनीति दलों ने इस निर्णय का स्वागत किया।

03. पटना सहित प्रदेश के कई स्थानों पर आज सुबह से हो रही है तेज हवा के साथ बारिश और ओलावृष्टि। मौसम विभाग ने उत्तर और दक्षिण बिहार के कई जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

04. और, अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर आज राज्य में विभिन्न संगठनों की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।